RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 78 • 03:04:2024 • बुधवार • मूल्य : 5/-

## 24 घंटे रहेगी बिजली और बिल होगा जीरो




### तीसरे टर्म के लिए पीएम मोदी का जनता से बड़ा वादा

देहरादून (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी ने लोगों से चुनावी वादा करते हुए कहा कि उत्तराखंड में लोगों का आने वाले दिनों में बिजली बिल जीरो होगा। यही नहीं, बिजली बिलों से लोगों की कमाई भी होगी। पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने पीएम सूर्य घर योजना शुरू की है। इस योजना से लोगों को 300 यूनिट तक बिजली फ्री में मिलेगी और ज्यादा बिजली उत्पादन होने पर बिजली से कमाई भी होगी। उत्तराखंड लोकसभा चुनाव 2024 में पहली बार मंगलवार को रुद्रपुर में आयोजित विजय शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है। वह मेहनत करने के लिए पैदा हुआ है। यही वजह है उत्तराखंड में पिछले 10 सालों इतना विकास हुआ है। लेकिन मोदी इसे केवल ट्रेलर मानता है। अभी बहुत आगे जाना है। पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड पहुंचकर वह धन्य हो जाते हैं। यही वजह है कि पिछले 10 सालों में उत्तराखंड में तेजी से विकास हुआ है। उत्तराखंड के बॉर्डर एरिया पर रेल और सड़क कनेक्टिविटी पहले से ज्यादा बेहतर हुई है। कहना था कि उत्तराखंड में 85 हजार से ज्यादा पक्के मकान बनाए गए हैं, साढ़े पांच लाख से शौचालयों का निर्माण हुआ है और पांच लाख से ज्यादा लोगों को उज्जवला योजना का लाभ मिला है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने अपने इरादे दिखा दिए हैं। कांग्रेस के शहजादे ने अपने इरादे दिखा दिए हैं। तीसरी बार भाजपा आई तो देश में आग लग जाएगी। दस साल सत्ता से बाहर क्या रहे ऐसी भाषा बोल रहे हैं। ऐसे लोगों को चुन-चुनकर बाहर करें। इमरजेंसी मानसिकता वालो को सजा मिलनी चाहिए।

## संजय सिंह की 'आजादी' ईडी को भी मंजूर

### जमानत का नहीं किया विरोध, एससी ने लगाई 'शर्त'



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के कथित शराब घोटाले में पिछले साल अक्टूबर में गिरफ्तार किए गए राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जमानत मिल गई है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद को सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जमानत दे दी। छह महीने से अधिक तक जेल में बंद रहे संजय सिंह की जमानत का प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी विरोध नहीं किया। कोर्ट की इस जमानत के बाद केस का ट्रायल पूरा होने तक संजय सिंह को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। हालांकि, जेल से बाहर आने के बाद संजय सिंह शराब घोटाले को लेकर टिप्पणी नहीं कर सकेंगे। देश की सबसे बड़ी अदालत ने संजय सिंह को जमानत देते हुए कहा है कि वह शराब घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले पर कोई टिप्पणी न करें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'आप' नेता संजय सिंह की जमानत से जुड़े नियम और शर्तें अधीनस्थ अदालत की ओर से तय की जाएंगी। प्रवर्तन निदेशालय ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि यदि संजय सिंह को जमानत मिलती है तो उसे इस पर कोई आपत्ति नहीं है। जस्टिस संजीव खन्ना,दीपांकर दत्ता और पीबी वराले की पीठ ने 6 महीने से जेल में बंद संजय सिंह को रिहा करने का आदेश दिया।

## बाबा रामदेव और बालकृष्ण अदालत में फिर होंगे पेश

- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को भी फटकारा, दिया आखिरी मौका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पतंजलि आयुर्वेद की ओर से भ्रामक विज्ञापन और एलोपैथी चिकित्सा को निशाने पर लेने के मामले में आज योग गुरु रामदेव खुद सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। उनके साथ पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण भी अदालत में दिखे। इस दौरान रामदेव ने वकील के माध्यम से कहा कि हम निजी तौर पर अदालत में हैं और माफी मांगते हैं, जिसे रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए।



इस पर अदालत ने कहा कि आपको पहले ही चेतावनी दी गई थी और आपने एफिडेविट भी दाखिल किया था। फिर क्यों इस तरह की गलती हुई। यह पूरी तरह से अवमानना है। केवल उच्चतम न्यायालय ही नहीं बल्कि देश भर की सभी अदालतों द्वारा पारित हर आदेश का सम्मान किया जाना चाहिए। अदालत ने बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को निजी तौर पर फिर से अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। अब दोनों को 10 अप्रैल को फिर कोर्ट में हाजिर रहना होगा। इसी दिन पतंजलि और योग गुरु रामदेव को हलफनामा भी दाखिल करना होगा। अदालत ने कहा कि हम आपको आखिरी मौका देते हैं और जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का वक्त है। उच्चतम न्यायालय ने हलफनामे में पतंजलि के प्रबंध निदेशक के बयान को खारिज कर दिया।

### लंबे समय तक पड़ेंगे लू के थपेड़े

## तापमान तोड़ेगा रिकॉर्ड

### आईएमडी ने चेताया-चुनावों में जमकर झुलसेगा हिन्दुस्तान

नई दिल्ली (एजेंसी)। मौसम विभाग ने अप्रैल से जून तक भीषण गर्मी को लेकर अलर्ट जारी किया है। विभाग ने सोमवार को कहा कि भारत में अप्रैल से जून तक के बीच अत्यधिक गर्मी पड़ेगी। इसका मध्य व पश्चिमी प्रायद्वीपीय भागों पर सबसे बुरा प्रभाव पड़ने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का यह अनुमान ऐसे समय आया है, जब देश 7 चरणों में होने वाले आम चुनाव की तैयारी कर रहा है।



आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि अप्रैल-जून की अवधि के दौरान देश के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। मध्य और पश्चिमी प्रायद्वीपीय भारत में इसका सबसे बुरा असर पड़ने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, पूर्वोत्तर राज्यों और उत्तरी ओडिशा के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान के सामान्य या सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। मृत्युंजय महापात्र के अनुसार, इस अवधि के दौरान मैदानी इलाकों के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्म हवा चलने की संभावना है। देश के विभिन्न हिस्सों में सामान्यतः 4 से 8 दिनों की तुलना में 10 से 20 दिन तक लू चलने का अनुमान है। आईएमडी के महानिदेशक ने कहा कि गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, उत्तरी कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तरी छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश में गर्मी का सबसे बुरा असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि अप्रैल में देश के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने और मध्य दक्षिण भारत में इसकी ज्यादा संभावना है। आईएमडी के महानिदेशक ने कहा कि अप्रैल में पश्चिमी हिमालय क्षेत्र और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य या सामान्य से नीचे रहने का अनुमान है।

## लोकसभा चुनाव पर 'ईसी' की होगी सख्त नजर

### चुनाव आयोग ने की स्पेशल ऑब्जर्वर्स की नियुक्ति

### पूर्व नौकरशाहों पर भरोसा,धनबल-सुरक्षा पर निगाहें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इलेक्शन कमीशन ने लोकसभा चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। कई राज्यों में प्रशासनिक, सुरक्षा और व्यय निगरानी के मकसद से ने इन्हें अपॉइंट किया गया है। आयोग ने कहा कि ये विशेष पर्यवेक्षक शानदार काम की पृष्ठभूमि वाले पूर्व नौकरशाह हैं। ये धनबल, बाहुबल और गलत सूचना के चलते पैदा होने वाली चुनौतियों को देखते हुए चुनावी प्रक्रिया की सख्ती से निगरानी करेंगे। निर्वाचन आयोग का कहना है कि विशेष पर्यवेक्षकों (सामान्य और पुलिस) को पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार में तैनात किया गया है, जहां की आबादी 7 करोड़ से अधिक है।




इनकी तैनाती आंध्र प्रदेश और ओडिशा में भी की गई, जहां लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव भी होना है। उसने कहा कि आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और ओडिशा में विशेष व्यय पर्यवेक्षक भी तैनात किए गए हैं। 1988 बैच के राजस्थान कैडर के रिटायर्ड ऑफीसर मंजीत सिंह और 1981 बैच के पूर्व आईपीएस विवेक दुबे को बिहार में चुनावी गतिविधियों पर नजर रखनी है। इनके अलावा, पूर्व ऑफीसर धर्मेंद्र एस गंगवार और 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी एनके मिश्रा की नियुक्ति महाराष्ट्र के लिए हुई है।

## आर्थिक दुर्दशा के लिए कोई और नहीं आप खुद जिम्मेदार

### एससी ने चुनावों से पहले केरल सरकार का दांव कर दिया फेल!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अपने आर्थिक कुप्रबंधन और दुर्दशा के लिए केरल खुद जिम्मेदार है। इसके साथ ही कोर्ट ने केरल को अधिक धन उधार लेने की अनुमति देने के मामले में कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने राज्यों के कर्ज लेने की क्षमता पर केंद्र सरकार की तरफ से सीमा तय करने के केंद्र बनाम केरल मामले को संविधान पीठ को सौंप दिया है। अब पांच जजों की पीठ इसकी सुनवाई करेगी। सोमवार को राज्यों की उधार लेने की क्षमता को सीमित करने के केंद्र के फैसले के खिलाफ केरल की याचिका पर सुनवाई हो रही थी। केरल ने अपने मुख्य सचिव के माध्यम से केंद्र के फैसले को चुनौती दी थी। केरल ने अपनी याचिका में सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी कि केंद्र सरकार को केरल पर लगाए गई उधारी सीमा प्रतिबंधों में ढील देने का निर्देश दिया जाए लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इससे इनकार कर दिया। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने माना कि केरल तीन न्यायिक पहलुओं को स्थापित करने में विफल रहा है,जिसमें अपने को साबित करना,कर्ज सुविधा का संतुलन बनाना है।



## शरद पवार को लगेगा एक और बड़ा झटका

- एनसीपी के बड़े नेता के दिल्ली आने से चर्चा हुई गर्म



**मुंबई (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले शरद पवार गुट की एनसीपी को करारा झटका लगने वाला है। जलगांव से आने वाले दिग्गज नेता एकनाथ खडसे भाजपा में वापसी कर सकते हैं, जहां वह लंबे समय तक रहे थे। यदि वह शरद पवार की एनसीपी को छोड़ते हैं तो यह पार्टी के लिए करारा झटका होगा। चर्चा है कि लोकसभा चुनाव के पहले राउंड की वोटिंग से पहले ही एकनाथ खडसे भाजपा में जा सकते हैं। खडसे इन चर्चाओं को खारिज कर रहे हैं, लेकिन कयास थम नहीं रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि वह रविवार से ही दिल्ली में हैं और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की कोशिश में हैं। भाजपा के शीर्ष नेताओं से मुलाकात के बाद वह एनसीपी शरदचंद्र पवार को छोड़ने का ऐलान कर सकते हैं। इसकी एक वजह यह भी है कि भाजपा ने रावेर लोकसभा सीट से उनकी बहन रक्षा खडसे को उम्मीदवार बना दिया है।

### सनातन धर्म विवाद

## स्टालिन की एफआईआर क्लब करने की मांग

- सुप्रीम कोर्ट बोला-आपने स्वेच्छा से बयान दिया,अपनी तुलना मीडिया से नहीं कर सकते

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार 1 अप्रैल को तमिलनाडु के मंत्री और डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन की याचिका पर सुनवाई की। इसमें उन्होंने सनातन धर्म खत्म करने वाले कमेंट पर अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर क्लब करने की मांग की थी। स्टालिन के खिलाफ उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, जम्मू-कश्मीर और महाराष्ट्र में एफआईआर दर्ज हैं। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता ने स्टालिन से कहा कि वे अपनी तुलना मीडिया से नहीं कर सकते। कोर्ट ने याचिका में बदलाव करने और इसे धारा 406 के तहत दायर करने का आदेश भी दिया। मामले की अगली सुनवाई 6 मई को होगी। उदयनिधि ने याचिका में कहा था कि रिपब्लिक टीवी के एंकर अर्णब गोस्वामी, मोहम्मद जुबैर, अमीश देवगन से जुड़े मामलों की तरह उनके खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर क्लब कर दी जाएं। सुनवाई के दौरान स्टालिन की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा के मामले का हवाला दिया।



## लोकसभा 2024 के लिए सीएम मान ने संभाला मोर्चा

- फरीदकोट-पटियाला के विधायकों से की मुलाकात, चुनावों से पहले नाराजगी करेंगे दूर

**अमृतसर (एजेंसी)।** पंजाब के जालंधर से विधायक शीतल अंगुराल और पूर्व सांसद व घोषित उम्मीदवार सुशील कुमार रिंकू के भाजपा में जाने के बाद अब मुख्यमंत्री भगवंत मान ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मोर्चा संभाल लिया है। विधायकों में असंतोष को दूर करने के लिए सीएम भगवंत मान ने अब लोकसभा हलकों में जाकर विधायकों से मुलाकात करना शुरू कर दिया है। ताकि उन्हें दल बदलने से रोका जा सके और उनकी मुश्किलों का हल किया जा सके। मुख्यमंत्री भगवंत मान आज पटियाला और फरीदकोट में पहुंचे। जहां उन्होंने विधायकों से एक साथ बैठ कर बातचीत की है। इतना ही नहीं, उनकी मुश्किलों को भी सुना है। आश्वासन दिया गया है कि विधायकों की मुश्किलों को पहल के आधार पर दूर किया जाएगा।



## बीजेपी को घोषणा-पत्र के लिए मिले 3.75 लाख सुझाव

- अभी कई चरणों से गुजरेगी पार्टी की मैनिफेस्टो बनने की प्रक्रिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी की सोमवार को चुनाव घोषणापत्र समिति की पहली बैठक हुई जिसके केंद्र में सरकार के 'विकसित भारत' का एजेंडा और उसकी रूपरेखा रही। आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रमुख वादों पर चर्चा करने के लिए आठ केंद्रीय मंत्रियों और तीन मुख्यमंत्रियों ने पार्टी के अन्य नेताओं के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने की।

बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पार्टी को अपनी मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से 3.75 लाख से अधिक सुझाव मिले हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐप (नमो) पर लगभग 1.70 लाख सुझाव मिले हैं। उन्होंने कहा, ''बैठक में 2047 तक विकसित भारत के खाके पर चर्चा की गई। हमारे घोषणापत्र में लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी प्रधानमंत्री में उनके भरोसे और उनसे उनकी अपेक्षाओं को दर्शाती है।'' भाजपा नेताओं ने कहा कि लोगों से प्राप्त सभी सुझावों को विभिन्न श्रेणियों में बांटा जाएगा और फिर समिति की अगली बैठक उनपर विचार विमर्श करके छांटा जाएगा। मोदी द्वारा गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए अपनी सरकार की प्राथमिकताओं को लगातार रेखांकित किए जाने के साथ सत्तारूढ़ पार्टी उनसे जुड़े मुद्दों को प्रमुखता दे सकती है। समिति के सह-संयोजक गोयल ने कहा कि देश के 3,500 विधानसभा क्षेत्रों में 916 वीडियो वैन भी चलाई गईं, जो लोगों तक पहुंची और घोषणापत्र के लिए उनके विचार मांगे। भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए शनिवार को 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति गठित की थी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को संयोजक तथा गोयल को सह-संयोजक बनाया गया है।



## बीजेपी के सरप्राइज के बाद अब कांग्रेस भी हुई ऐक्टिव

- हिसार से बड़े दांव की तैयारी,पूर्व सीएम के बेटे का नाम फाइनल!

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा की हिसार लोकसभा सीट पर बीजेपी के बाद अब कांग्रेस की तरफ से बड़ा सरप्राइज सामने आ सकता है। रणजीत चौटाला की बीजेपी में एंट्री के बाद फैमिली फाइट के लिए सुर्खियों में आई इस सीट पर अभी तक कांग्रेस ने उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि हरियाणा कांग्रेस के नेता और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा इस सीट पर सियासी तौर पर बड़ा दांव खेलने की तैयारी कर चुके हैं। कांग्रेस पार्टी की तरफ बीजेपी नेता कुलदीप बिश्नोई के भाई चंद्रमोहन कांग्रेस से लड़ सकते हैं। ऐसा दावा किया जा रहा है कि चंद्रमोहन की उम्मीदवारी लभगभ तय हो चुकी है। रणजीत चौटाला की बीजेपी में एंट्री और फिर हिसार से उम्मीदवारी के बाद कुलदीप बिश्नोई के परिवार की नाराजगी की बातें सामने आई थीं। कुलदीप बिश्नोई के बेटे और आदमपुर के विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के पोते भव्य बिश्नोई ने ट्वीट करके रणजीत सिंह चौटाला को टिकट दिए जाने पर आपत्ति जताई।



## संक्षिप्त समाचार

### अवैध बालू डंप पर मामला दर्ज, दो ट्रकों पर जुर्माना

**भागलपुर/कजरैली, एजेंसी।** रविवार देर रात विधि व्यवस्था डीएसपी चंद्रभूषण के नेतृत्व में जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कनकैथी सिरकट्टी बहियार मे अवैध बालू डंप के खिलाफ छापेमारी की गई। पुलिस ने रात में करीब दस सीएफटी बालू जब्त किया। लेकिन सुबह जब खनन विभाग के पदाधिकारी पहुंचे तो वहां बालू नहीं मिला। छापेमारी कर पुलिस के लौटते ही बालू माफिया ने जब्त बालू को तितर-बितर कर दिया। जानकारी के अनुसार माफिया ने पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए अवैध डंप के सबूत को नष्ट कर दिया। क्षेत्र में चर्चा ये भी है कि बालू चोरी कर ली गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जगदीशपुर थाने का दो पूर्व दागी चौकीदार कजरैली और जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मोड़ पर वसूली करते हैं। डीएसपी के निर्देश पर कजरैली थाने में बालू चोरी का मामला दर्ज किया गया है। वही सिमरिया लाइन होटल के पास बालू लदे दो ट्रक को पुलिस ने जब्त कर लिया। डीएसपी चंद्रभूषण ने बताया कि बालू लदे ट्रक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। दो ट्रक जब्त कर संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए लिखा गया है। जो जब्त बालू चोरी हुई है, उनके विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

### जयरामपुर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**भागलपुर/बिहपुर, एजेंसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बिहपुर इकाई ने जयरामपुर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया। इसमें वर्ष बिहार 2024 इंटरमीडिएट परीक्षा में 400 से अधिक अंक से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस बार का अधिकतम रिजल्ट लगभग 90 प्रतिशत रहा। सफल छात्र-छात्राओं में खुशी कुमारी 447 आयुष कुमार 417 पायल कुमारी 411 गुड़िया कुमारी 396 रोहित कुमार झा 386 अंजली कुमारी 374 मोहम्मद अब्दुल 349 निकिता कुमारी 334 निशु कुमारी 308 मौसम कुमारी 300 तथा अन्य छात्रों ने भी अच्छे अंक अर्जित किये। मौके पर छात्र-छात्रा के अलावा शिवम, सचिन, सौरभ, चंदन, धर्मेंद्र, रोहित, नेहरू, गोपाल इत्यादि मौजूद थे।

### कदवा में गरुड़ों के मछली खाने पोखर निर्माण का सर्वे

**भागलपुर/ढोलबज्जा , एजेंसी।** विलुप्त प्राय पक्षी गरुड़ों के मछली खाने के लिए प्रजनन स्थली कदवा में जगह-जगह पोखर निर्माण कर उसमें मछली पालन किया जाएगा। इसकी पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग भागलपुर की ओर से कवायद शुरू कर दी गई है। सोमवार को भागलपुर डीएफओ श्वेता कुमारी, रेंजर राजेश कुमार, पक्षी विद अरविंद मिश्रा, मछुआ विभाग भागलपुर के सिक्योरिटी, पोखर निर्माण के जेई ने कदवा पहुंचकर चार जगहों पर पोखर निर्माण का सर्वे किया। सर्वे का कार्य मवि खैरपुर कदवा की पोखर, प्रासपुर कदवा गांव के पश्चिम झिंगुर सिंह की जमीन, जंगली टोला के कोसी धार व खरीक के लोकमानपुर में किया गया। चार जगहों में से एकमात्र जंगली टोला कदवा के मारा कोसी नदी समीप जगह को चिन्हित किया गया। यहां जल्द पोखर बनेगा। गरुड़ गार्जियन नगीना राय ने बताया कि मौके पर गरुड़ सेवियर के साथ फॉरेस्ट गार्ड भी उपस्थित थे।

### सुल्तानगंज-पति के अपहरण का मामला दर्ज

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** नगर परिषद क्षेत्र के गंगापुर निवासी महिला रेखा देवी ने तिलकपुर दियारा से पति का अपहरण करने का थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। महिला ने बताया कि 31 मार्च को दोपहर 12 बजे मैं व पति दोनों खेत में खेसारी उखाड़ने के लिए गये थे। तिलकपुर के रहने वाले 13 अपराधी पति व बेटे को मारा व बेटे के गले से चक्ती छीन लिया। सभी के हाथ में बंदूक व कट्टा था। पति को बंदूक के बल पर अपहरण कर लिया। थानाध्यक्ष प्रिय रंजन ने बताया कि महिला के आवेदन पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर बरामदगी के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# समस्तीपुर पहुंची बुलेट रानी राजलक्ष्मी मंदा :नरेंद्र मोदी को तीसरीबार पीएम बनाने के लिए कर रही संकल्प यात्रा

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**समस्तीपुर, एजेंसी।** नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए तमिलनाडु के मदुरई से बुलेट से संकल्प यात्रा करती हुई राजलक्ष्मी मंदा सोमवार शाम समस्तीपुर पहुंची। करीब 2551 किलोमीटर की यात्रा करती हुई राजलक्ष्मी समस्तीपुर पहुंची तो भाजपा के कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। बात दें कि उक्त महिला भाजपा की सदस्य नहीं है। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी से काफी प्रभावित है। वह तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। जिस कारण वह संकल्प यात्रा पर है। समस्तीपुर जिला मुख्यालय पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा राज लक्ष्मी का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में नारेबाजी भी की गई। मौके पर भाजपा के एमएलसी डॉ तरुण कुमार के अलावा भाजपा महिला सेल की कार्यकर्ता शामिल थे। समस्तीपुर में स्वागत के बाद बुलेट रानी दरभंगा के लिए अपनी यात्रा को लेकर आगे बढ़ गई।

### 13 राज्यों से गुजरती हुइ 18 अप्रैल को दिल्ली पहुंच समाप्त होगी यात्रा

वोट फॉर नेशन, वोट फॉर मोदी, नारा के साथ तमिलनाडू के मदुरई से 12 फरवरी को यह यात्रा शुरू की थी। इस दौरान वह करीब 21 हजार किलोमीटर की यात्रा करती हुई 18 अप्रैल दिल्ली पहुंचेगी। इस दौरान वह आध्रप्रदेश,तेलंगाना, कनार्टका, महाराष्ट्रा, गोवा, छत्तिसगढ, उड़िसा,झारखंड होने हुए बिहार में प्रवेश की है। उन्होंने कहा कि साशक्त भारत बनाने के लिए तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाए। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों में काफी जोश है। लोग खुद ही आगे आकर कहते हैं इस बार नरेंद्र मोदी को ही वोर्ट करेंगे।

### दरभंगा के लिए हुई रवाना

समस्तीपुर में भव्य स्वागत के बाद वह सड़क मार्ग से ही दरभंगा के लिए रवाना हो गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार के लोग बहुत प्यार और सम्मान दें रहे हैं।

### पांच ने कटाई नाजिर रसीद, नामांकन एक भी नहीं

**भागलपुर, एजेंसी।** राज्य में दूसरे चरण में होने वाले चुनाव के लिए भागलपुर सीट से पांच और उम्मीदवारों ने नाजिर रसीद कटाई। अब तक कुल 18 अभ्यर्थियों ने रसीद कटाई है। सोमवार को रसीद कटाने वालों में बहुजन समाज पार्टी के नारायणपुर निवासी अजय कुमार रविदास, गोराडीह छोटी जमीन निवासी मनोहर प्रसाद सिंह, कंपनीबाग निवासी छोटेलाल कुमार, नाथनगर के राघोपुर टिकर निवासी उमेश प्रसाद यादव और गौराचौकी निवासी पिंटू कुमार गुप्ता ने निर्दलीय के रूप में पर्चा दाखिल किया। नामांकन के तीसरे दिन भी किसी प्रत्याशी ने पर्चा दाखिल नहीं किया। एनआर कटा चुकी कहलगांव की एक महिला समर्थक व प्रस्तावक के साथ नामांकन कोषांग तक पहुंची लेकिन अधूरे कागज की वजह से उन्हें वापस कर दिया गया। महिला ने एफिडेविट भी नहीं कराया था। गुरुवार को उनके पति ने भी रसीद कटाई थी। मंगलवार को अधिक संख्या में नामांकन होने की संभावना है। बता दें कि 4 अप्रैल तक ही नामांकन लिया जा सकेगा।

# पिकअप की ठोकर से युवक हुआ घायल

**केला लदा वाहन जा रहा था देवघर, रास्ते में पलटते हुए बाइक से टकराया**



**जमुई, एजेंसी।** जमुई के चकाई-देवघर मुख्य मार्ग पर केला लदा एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। बेलगाम पिकअप पलटते हुए बाइक से टकरा गया। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।राहगीरों ने घटना की सूचना चंद्रमंडी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए चकाई रेफरल इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां स्थिति गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की पहचान अब्दुल खालिक, मीरपुर थाना डीलारी जिला मुरादाबाद के रूप में हुई है। जो चकाई के वायरलेस चौक पर किराए के मकान पर रहकर फेरी का काम करते हैं। घटना चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के गोपीडीह मोड़ के पास की है। पुलिस पिकअप चालक रंजीत कुमार यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। रंजीत यादव जमुई के सिकंदरा थाना के खेउसर गांव निवासी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप और बाइक को भी कब्जे में ले लिया है।

### चालक को पुलिस ने हिरासत में लिया

घटना के बारे घायल व्यक्ति के साथी मो.अंसार ने बताया कि हमलोग 8 लोग हैं। जो चकाई के वायरलेस चौक पर किराए के मकान पर रहकर फेरी का काम करते हैं। हर दिन सुबह-सुबह चादर और दरी का फेरी करने के लिए जाते है। सुबह देवघर की तरफ जा रहे थे। तभी तेजी गति में केला लदा पिकअप अनियंत्रित हो गया और बाइक को टक्कर मार दी। जिससे अब्दुल खालिक को गंभीर चोट लगी है। उन्होंने बताया कि हमलोग मुरादाबाद से यहां आकर फेरी का काम करते हैं। घटना के बारे में चंद्रमंडी थाना अध्यक्ष सुबोध यादव ने बताया कि गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया गया है। चालक को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।



# समस्तीपुर से 207 समेत मिथिला प्रक्षेत्र से कुल 573 बदमाश होंगे तड़ीपार

**दरभंगा/समस्तीपुर , एजेंसी।** मतदाता भयमुक्त वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें इसके लिए मुकम्मल तैयारी जिले में की जा रही है। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद पुलिस पूरे एक्शन में आ गई है। मिथिला प्रक्षेत्र के डीआईजी बाबू राम ने कहा कि शांतिपूर्ण व भयमुक्त लोकसभा चुनाव को लेकर बदमाशों, असमाजिक तत्वों व वोट को प्रभावित करने वालों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। दरभंगा प्रमंडल के दरभंगा, मधुबनी व समस्तीपुर में ऐसे 573 लोगों को तड़ीपार किया जाएगा। अब तक 115 को तड़ीपार किया गया है। वहीं जेल में बंद 16 अपराधियों पर सीसीए 12 के तहत कार्रवाई की गई है। इसमें समस्तीपुर में जेल में बंद 11, मधुबनी के 3 एवं दरभंगा मंडल कारा के 2 अपराधी हैं। मिली जानकारी के मुताबिक तड़ीपार के लिए दरभंगा जिले से 196, समस्तीपुर से 207 एवं मधुबनी से 170 लोगों का प्रस्ताव गया है, जिसमें अब तक दरभंगा के 7, समस्तीपुर के 66 व मधुबनी के 44 लोगों पर लोकसभा चुनाव के दौरान तड़ीपार की स्वीकृति दे दी गई है। डीआईजी ने कहा कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए तीनों जिलों के एसएसपी/एसपी को निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बीच चुनाव की तैयारी के साथ ही रामनवमी को लेकर भी तैयारी करने के लिए पुलिस अधिकारियों को कहा गया है। चुनावी वर्ष होने के बीच पर्व-त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए निरोधात्मक कार्रवाई चल रही है। शराब माफिया और तस्करों की गिरफ्तारी के साथ शांति व्यवस्था और विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण की दिशा में पुलिसिंग की जा रही है।

# 2 कट्ठा जमीन के लिए पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या

## आरा में इसी जमीन के लिए अबतक 8 की गई जान; 2009 में 6 मर्डर

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर में 2 कट्ठा जमीन के लिए पिता-पुत्र की मंगलवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। पिता को 4 गोलियां लगीं, जबकि बेटे के पेट में बुलेट लगने से उसकी मौत हो गई। इस जमीन के टुकड़े के लिए गांव के दो परिवारों में विवाद चल रहा है। 15 साल में अब तक 8 लोगों का खून बह चुका है। 2009 में दोनों पक्षों में 3-3 लोगों की हत्याएं हुई थीं, जिसमें एक महिला भी शामिल है। अब पिता-पुत्र पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई है। वारदात उदवंतनगर थाना क्षेत्र के रघुनीपुर गांव में मंगलवार सुबह हुई। मृतकों में रघुनीपुर गांव निवासी स्वर्गीय बली सिंह के बेटे रामाधार सिंह (65) और उनका बेटा मुकेश यादव (35) शामिल है। घटना को सूचना मिलने के बाद उदवंत नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।



### 15 साल से विवाद चल रहा है

मृतक के बेटे जगेश ने बताया कि दो कट्ठे जमीन को लेकर 2009 से गांव के ही कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। मंगलवार की सुबह जब पूरा परिवार खेत में गेहूं काट रहा था, तभी हथियार लेकर विनोद यादव और उसके बेटे अमन यादव, चमन यादव आ धमके। ताबड़तोड़ फायरिंग कर मेरे पिता के सिर में गोली और भाई के पेट में गोली मार दी। जगेश ने कहा इस दौरान उन लोगों ने मुझ पर भी फायरिंग की, लेकिन मैं वहां से अपनी जान बचाकर भाग निकला। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद एसपी परिचय कुमार अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसपी परिचय कुमार ने बताया कि काफी सालों से इन लोगों का विवाद चल रहा था, जब यह लोग खेत में काम कर रहे थे। तभी कुछ लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई। कुछ लोगों का नाम सामने आया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। जल्दी सभी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। बताया जाता है कि मुकेश यादव अपने तीन भाई जगेश, भजेंद्र, फागुन और तीन बहन धनवती देवी, मानव देवी, शिकांति देवी में चौथे स्थान पर था। घर पर उसकी पत्नी देवी, दो बेटी प्रति और कृति और एक बेटा शिवम है।

### 13 साल से जेल में थे रामाधार सिंह, दो महीने पहले छूटे थे

2009 में जमीन को लेकर रामाधार सिंह के भाई राम सेवक सिंह, संतोष कुमार (भतीजा) और बहू की अपहरण कर गोली मारकर हत्या हुई थी। जिसके बाद दूसरे पक्ष के शिव मंगल, काशीनाथ, ललन सिंह की गोली मार कर हत्या हुई थी। इस मामले में 2009 से रामाधार सिंह जेल में थे। 13 साल बाद दो महीने पहले वो जेल से छूट कर आए थे।

# रोहिणी आचार्य ने लालू-राबड़ी का आशीर्वाद लेकर शुरू किया चुनाव अभियान



**पटना , एजेंसी।** रोहिणी आचार्य ने आज चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। उन्होंने मंगलवार को लालू और राबड़ी से आशीर्वाद लिया। पटना में उन्होंने कहा कि अभी मैं जनता के बीच जा रही हूं। हरिहरनाथ और मां-बाप, सास-ससुर का आशीर्वाद मिला है। रोहिणी सारण से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने चुनाव लड़ने की पुष्टि भी कर दी है। हालांकि अभी आधिकारिक रूप से पार्टी ने उन्हें प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। एक दिन पहले उन्होंने सोनपुर में परिवार के साथ हरिहरनाथ मंदिर में पूजा की थी। अपने चुनाव अभियान में निकले से पहले उन्होंने सोशल मीडिया ङ्क पर पोस्ट किया- ले कर अपने भगवान का आशीर्वाद चले हम अब जनता जनार्दन के द्वार। उन्होंने पोस्ट में लालू-राबड़ी के पैर छूते और मंदिर में पूजा करते हुए की तस्वीर भी शेयर की है। बिहार में जदयू ने लोकसभा प्रभारियों की लिस्ट जारी की है। जयंत राज को सीतामढ़ी का प्रभारी बनाया गया है, जबकि मदन सहनी को झंझारपुर का जिम्मा दिया गया है। बिजेंद्र यादव को सुपौल का प्रभारी बनाया गया है।

# बिहार में 10 अप्रैल के बाद चलेगी लू , इस बार सामान्य से कम बारिश होने की आशंका

### वैशाली का तापमान पहुंचा 40 डिग्री

**पटना, एजेंसी।** बिहार के अधिकतर जिलों में मौसम आज सामान्य बना रहेगा। कड़ी धूप निकलेगी। उत्तरी-पछुआ शुष्क हवा चलने से गर्मी का कम एहसास होगा। मौसम विभाग के अनुसार 10 अप्रैल के बाद से ही प्रदेश में लू चलने लगेगी। सभी जिलों के अधिकतम तापमान में भी काफी वृद्धि देखने को मिलेगी। वहीं लगातार दूसरे दिन वैशाली जिले का तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके पहले रविवार को सबसे अधिक तापमान वैशाली में ही 41.9 डिग्री सेल्सियस रहा था।

### अप्रैल महीने में कैसा रहेगा मौसम

1 अप्रैल से प्री मानसून का महीना शुरू हो गया है। उत्तरी-पछुआ शुष्क हवा ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। इस वजह से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी शुरू हो गई है। 10 अप्रैल के बाद से ही प्रदेश में लू चलने लगेगी। वहीं मौसम विभाग के अनुसार इस बार अधिक लू चलने की आशंका जताई जा रही है। इसकी वजह है अप्रैल की शुरुआत से ही शुष्क पछुआ हवा का चलना। अप्रैल में औसत अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।

### बारिश सामान्य से कम होने की संभावना

मौसम विभाग ने बारिश सामान्य से कम होने की संभावना है। 5 अप्रैल को फिर पश्चिमी विक्षोभ दस्तक देने वाला है। इसका थोड़ा बहुत असर बिहार के मौसम पर भी पड़ेगा। इस वजह से दो-तीन दिन अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कुछ कमी हो सकती है। इसी माह में काल बैसाखी का भी प्रभाव पड़ेगा। इसमें कहीं-कहीं तेज आंधी के साथ बारिश, मेघगर्जन, वज्रपात और ओला भी गिर सकता है तो कहीं धूल भरी तेज आंधी भी चल सकती है। पिछले साल अप्रैल में पटना समेत बिहार के कई हिस्सों में हल्की बारिश हुई थी। दो-तीन दिन वेदर क्लाउडी था।



### पटना में आज कैसा रहेगा मौसम


पटना में आज मौसम शुष्क बना रहेगा। सुबह से ही धूप निकली रहेगी। पछुआ हवा चलने से गर्मी का एहसास काम होगा। सोमवार को को पटना का न्यूनतम तापमान 24.9 डिग्री और अधिकतम तापमान 36.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, इस पूरे हफ्ते पटना का न्यूनतम तापमान 18 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। वहीं अधिकतम तापमान 32 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

### *कहां कितना दर्ज किया गया अधिकतम तापमान*

पिछले 24 घंटे के दौरान वैशाली जिला सबसे गर्म रहा जहां का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा शेखपुरा का अधिकतम तापमान 38.6, डिग्री नवादा 38.2 डिग्री, गया 37.4 डिग्री औरंगाबाद 37. 7 डिग्री, भोजपुरी 37 डिग्री, पटना 36.9 डिग्री,मुजफ्फरपुर 36 डिग्री मोतिहारी 36.6 डिग्री। वहीं अन्य जिलों का अधिकतम तापमान भी 34 डिग्री से लेकर 40 डिग्री के बीच बना हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### एस के महिला कॉलेज के छात्रा दामिनी मिश्रा शास्त्रीय संगीत में तीसरा पुरुस्कार



**बेगूसराय।** भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली एवं पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 37वीं अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव 28 मार्च से 01अप्रैल 2024 में एस.के.महिला कॉलेज बेगूसराय (लनाविवि दरभंगा)की छात्रा दामिनी मिश्रा ने शास्त्रीय संगीत की प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर बेगूसराय एवं बिहार का नाम रौशन की।दामिनी मटिहानी प्रखंड के रामदीरी लवहरचक दयानन्द मिश्र की सुपुत्री है।ग्रामीण परिवेश में रहकर अपनी साधना से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। लनामिविवि से कुल 11 विधाओं में प्रतिभागियों ने भाग लेकर कई पुरस्कार प्राप्त किए। दामिनी की इस उपलब्धि पर ल.ना.वि.वि. दरभंगा के कुलपति प्रो.संजय कुमार चौधरी,प्रो.लावण्य कीर्ति सिंह 'काव्या',डॉ.रीता सिंह, सुमित कु.झा,एस.के महिला कॉलेज बेगूसराय के प्रिंसिपल डॉ.विमल गुप्ता,डॉ.रुमा सिंह,विश्व विख्यात सितार वादक पार्थो बोस,डॉ.भगवान प्रसाद सिंहा,शिवप्रकाश भारद्वाज, डॉ.कुन्दन कु.नागेंद्र कु.सनोज,अमन,मोनिका,सदानंद मिश्र,भारती मिश्रा सहित अन्य लोगों ने शुभकामनायें दी।

### जोकिया पंचायत के लबघरिया महतो टोल वार्ड संख्या 03 में लगी आग से लाखो रुपए की क्षति



**भगवानपुर (बेगूसराय)।** भगवानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोकिया पंचायत के वॉर्ड संख्या 03 लबघरिया महतो टोल में मंगलवार को उक्त वॉर्ड के वॉर्ड सदस्य के घर में लगी आग से घर में रखे सामग्री, दो भुस्कार सहित उसमे रखे भूसा जलकर राख हो गया। जबकि एक मवेशी एवं एक बकरी की झुलसने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोकिया पंचायत के वार्ड संख्या तीन लबघरिया महतो टोल निवासी वार्ड सदस्य प्रकाश महतो के पुत्र विकास कुमार के घर मंगलवार की दोपहर लगी अचानक आग के बाद जब तक लोग कुछ समझ पाते आग इतना विकराल रूप ले रखा था की घर में रखें बर्तन,बिछावन, बेड, कपड़ा, खाद्यान्न सामग्री एवं दो भुस्कार सहित उसमे रखे भूसा जलकर राख हो गया। वही एक मवेशी व एक बकरी भी झुलस गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत व दमकल टीम के पहुंचने के बाद आज पर काबू पा लिया गया है। वही घटनास्थल पर पहुंचे पूर्व मुखिया अशोक राय ने प्रखंड प्रशासन से मांग क्या है कि जांचोंपरांत अग्नि पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा की राशि दी जाए।

### किरतपुर पंचायत के ईशापुर सीमा बहियार में किसानों के अनुसार बिजली की चिंगारी से दो बीघा तैयार गेहूं की फसल जलकर हुआ राख



**भगवानपुर बेगूसराय।** भगवानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत किरतपुर पंचायत के ईशापुर सीमा बहियार में आग लगने से लगभग दो बीघा गेहूं की तैयार फसल जलकर पूरी तरह से राख होने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की संध्या पांच बजे के आसपास ईशापुर सीमा बहियार में किसानों के अनुसार बिजली की चिंगारी से तैयार गेहूं की फसल में आग लग गई। जिससे किसानों के बीच अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। किसानों ने पंपसेट चलाकर किसी तरह आग पर काबू पाया। वहीं सूचना मिलने ही दमकल पहुंचकर आज पर पूरी तरह से कंट्रोल कर लिया। तब तक ईशापुर वार्ड संख्या 15 निवासी चंद्रभूषण राय, संजय राय, भोला राय के लगभग दो बीघा तैयार गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह से राख हो गया। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पूर्व जिला परिषद सदस्य राम स्वार्थ साह एवं ग्रामीण कामदेव सहनी ने प्रखंड प्रशासन से मांग किया है कि जाचोपरांत पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दी जाए।

### बाइक के चपेट में आने से महिला घायल, इलाज के दौरान मौत

**संवाद सूत्र।** चौतरवा थाना अंतर्गत के हमीरा गांव में सब्जी लेकर घर को जा रही महिला को बाईक सवार ने ठोकर मार दी जिससे महिला समेत चालक गंभीर रूप में घायल हो गए है। स्थानीय लोगों द्वारा दोनों घायल को बगहा अनुमंडलीय अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया। वही बेतिया जीएमसीएच में घायल महिला की उपचार क्रम में मौत हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना चौतरवा थाना को दी गई। जहां घटनास्थल पुलिस पहुंच मामले की जानकारी लेते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बाइक सवार व्यक्ति को सर पर चोट लगी है। बाईक सवार की पहचान चौतरवा थाना के जामदार टोला परसौनी निवासी प्रहलाद यादव के पुत्र मुरारी यादव के रूप में हुई है। जिसका बेतिया जीएमसीएच में उपचार जारी है। वहीं मृतक महिला की पहचान चौतरवा थाना के हमीरा गांव वार्ड संख्या 5 निवासी स्वर्गीय छोटेलाल चौधरी की 45 वर्षीय पत्नी सुशीला देवी के रूप में हुई है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के पश्चात परिजनो को सौप दिया है।

### प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र शुरू


**भगवानपुर/बेगूसराय।** प्रखंण्ड के सभी प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में नया शैक्षिक सत्र शुरू हो गया। छह से 14 आयु वर्ग के अनामांकित एवं छीजित बच्चों के नामांकन का विशेष अभियान ' प्रवेशोत्सव' भी शुरू हो गया है।यह 30 जून तक चलेगा। इसके अंतर्गत हर स्कूल के पोषक क्षेत्र के बच्चों की बालपंजी भी बनेगी, जिसे डिजिटिल किया जायेगा। स्कूलों में प्रतिदिन अनामांकित बच्चों के नामांकन, छीजित बच्चों के नामांकन एवं टोले के बच्चों को लाने की जिम्मेदारी शिक्षा सेवकों पर होगी।यह जानकारी बीपीएम विवेक कुमार ने दी।उन्होंने बताया कि प्रवेशोत्सव अभियान को सफल बनाने के लिए विद्यालय के पोषक क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों को आयोजित किया जा रहा है।

### आग से सतर्क रहने के लिए सीओ ने कि लोगों से अपील

**संवाद सूत्र, बैरीया** प्रखंड क्षेत्र में पिछले दो दिनों से सुबह से हीं तेज रफ्तार चल रही पछुआ हवा को देखते हुए अंचलाधिकारी ने लोगों से आगजनी की संभावना से सतर्क रहने की अपील की है। मंगलवार को श्री शुक्ला ने कहा कि पिछले दो दिनों से देखा जा रहा है कि तेज धूप के साथ तेज पछुआ हवाएं चल रही है। ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण इस दौरान किसी के द्वारा किसी तरह की लापारवाही से आगजनी जैसी दुर्घटना हो सकती है। अतः प्रखंड क्षेत्र के वासियों से अपील करना चाहता हूं कि सभी घरों में अहले सुबह हीं खाना बनाने का कार्य संपन्न कर लें।जिन घरों में लकड़ी पर खाना बनता है,वे लोग खाना बनाने के बाद आग को पूरी तरह ठीक से बूझा दें। ऐसा देखा गया है कि लोग सुबह- शाम मवेशियों के पास धुआं के लिए आग जलाते हैं, इससे भी दुर्घटना हो सकती है,अतः इसका खयाल रखें। बीड़ी सिगरेट पीने वाले लोग, सेवन के बाद इसके टुकड़े को इधर- उधर न फेंकें।

**मामला बरियारपुर पूर्वी पंचायत के मसुराज गांव स्थित वार्ड तीन की**

# हर घर नल का जल योजना चार महिनों से ठप, लोगों के समक्ष पेयजल संकट







चाणक्य भूमि। खोदावंदपुर/बेगूसराय

बरियारपुर पूर्वी पंचायत के वार्ड 3 में नल जल योजना पिछले चार महीने से ठप है. लोक स्वास्थ्य प्रमंडल बेगूसराय के अधीन मुख्यमंत्री निश्चय पेयजल योजना अंतर्गत हर घर नल का जल की पाइप क्षतिग्रस्त हो जाने से लोगों तक पीने का पानी नहीं पहुंच रहा है. इस योजना का पांच वर्ष तक रख-रखाव एवं पेयजल आपूर्ति भी किया जाना है. बावजूद इस पाइप कनेक्शन को ठीक करवाने में पंचायत प्रतिनिधि व विभाग के अधिकारी उदासीनता बरत रहे हैं,जिसके कारण लोगों में आक्रोश व्याप्त है. बरियारपुर पूर्वी पंचायत के ग्रामीण कारी यादव, दिनेश यादव, रामदेव यादव, भोला यादव, बिंदेश्वरी यादव, जहरु यादव समेत अन्य ने बताया कि पंचायत निधि से सड़क की उत्तर दिशा में पक्की नाली का निर्माण किया गया था. जेसीबी मशीन से नाली का गढ्ढा खोदा गया था, इसी क्रम में नल जल का पाइप पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. पाइप कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो जाने से पेयजलापूर्ति नहीं हो रही है. ग्रामीणों का कहना है कि वार्ड नंबर तीन में पांच घर को छोड़कर पूरे वार्ड क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बन्द है. ग्रामीणों ने बताया कि जब नाली बनाने वाले संवेदक को नल का पाइप जोड़ने के लिए कहा गया तो वह पाइप कनेक्शन जोड़ने से इनकार कर दिया. ग्रामीणों ने बताया कि मुखिया मोहम्मद माजिद हुसैन के द्वारा गत नवम्बर माह में पक्की नाली बनाया गया था, पाइप कमजोर होने से वह टूट गया. जिससे वार्ड के लगभग पांच सौ परिवार तक पानी नहीं पहुंच रहा है, जब इसकी शिकायत पंचायत के मुखिया से की गयी तो उन्होंने इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझें. ग्रामीणों का कहना है कि वार्ड के मिनी जलमीनार में फिल्टर खराब है, संवेदक के द्वारा इसका मेंटेनेंस नहीं करवाया जाता है. आधा वार्ड क्षेत्र में पूर्व से पानी जाता ही नहीं है. उन्होंने बताया कि पीएचइडी के द्वारा नल जल योजना लगवाया था और इसका देखरेख वार्ड सदस्या के पति बाबू प्रसाद यादव कर रहे हैं. इस योजना के संवेदक पटना के सुनील यादव हैं. पंप संचालक बाबू प्रसाद यादव ने बताया कि इस समस्या की जानकारी स्थानीय विधायक राजवंशी महतो तथा एसडीएम मंझौल को दी गयी, परंतु किसी ने भी इस समस्या का सुधि लेना मुनासिब नहीं समझें. जब इसकी जानकारी विभाग के कनीय अभियंता मनोज कुमार को भी दी गयी, लेकिन उन्होंने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया.

**बोले कनीय अभियंताः-** पीएचइडी विभाग के कनीय अभियंता ने बताया कि मुखिया के द्वारा नाली बनवाया गया, जिसमें जेसीबी मशीन का उपयोग गढ्ढा खोदने में किया गया, जिसके चलते हर घर नल का जल का पाइप टुटकर क्षतिग्रस्त हो गया है.उन्होंने बताया कि मुखिया को कई बार पाइप जोड़वाने के लिए आग्रह किया गया है, परंतु वे भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं. उन्होंने बताया कि पाइप क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी की आपूर्ति व्यवस्था ठप है, इसमें हम क्या कर सकते हैं, हलांकि मैं अपने स्तर से लाभार्थियों को हरसंभव मदद करने को तैयार हूँ.

**मनोज कुमार, कनीय अभियंता, पीएचइडी विभाग.**

**कहते हैं अधिकारीः-** गर्मी में नलजल के उपभोक्ताओं की शिकायत पर बीडीओ ने पाइप कनेक्शन को अविलम्ब जोड़वाने का निर्देश विभाग के अधिकारी एवं पंचायत प्रतिनिधियों को दिया है, जल्द ही इस समस्या का निदान कर दिया जायेगा.

**नवनीत नमन, बीडीओ, खोदावन्दपुर.**

### बिजली की चिंगारी से आग लगने से गेहूं की लहलहाती फसल जलकर राख



चाणक्य भूमि। कौआकोल

कौआकोल थाना क्षेत्र के पाली पंचायत के रूपी गांव में मंगलवार को बिजली की चिंगारी से अचानक आग लग जाने से खेत में लहलहाती गेहूं की फसल जलकर राख हो गया। जिससे लगभग दो लाख रुपये मूल्य की गेहूं के जलकर राख होने का अनुमान है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खेत से ऊपर से गुजर रहे ग्यारह हजार केवी के बिजली तार पर ताड़ के पेड़ का बड़ा टहनी टूटकर गिर गया।

जिससे निकले चिंगारी ने खेत में लगे गेहूं की फसल को आगोश में ले लिया। जिससे देखते ही देखते किसान भूषण यादव,महेंद्र यादव,उपेन्द्र यादव,नवलेश यादव,सुखदेव यादव एवं राजेन्द्र प्रसाद के खेत में गेहूं के फसल को जलाकर राख कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से आग पर किसी तरह काबू पाया जा सका।

जिससे और अधिक नुकसान होने से रोका गया। पीड़ित किसानों ने कहा गेहूं की फसल पूरी तरह तैयार थी। परंतु अग्नि ने उनलोगों के मेहनत पर पानी फेर दिया। उनलोगों की एक वर्ष की फसल की कमाई जलकर राख हो गया। जिससे किसानों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की गई है।

### सिगदाहा की एक प्रीता ने बरौली थाने में आवेदन देकर दो लोगों द्वारा जान करने के नियत से मारपीट एवम इज्जत लूटने की कोशिश करने का आरोप लगाया है



चाणक्य भूमि। बरौनी/ बेगूसराय

बरौनी थाना क्षेत्र के सिगदाहा निवासी मो० इस्माइल की पत्नी निसरत खातुन ने बरौनी थाना में आवेदन देकर अपने ही ग्रामीण पड़ोसी मो०रुसतम का पुत्र मो०सोहराव वो मो०रुसतम का पुत्र मो० अल्ताफ दोनों पिता पुत्र ने रात्रि के करीब 9:00 बजे लाठी, डंडा, एवं लोहे का रोड लेकर घर में समा गए और गाली गलौज करते हुए बुरी तरह से पिटाई कर दी। इतना ही नहीं शरीर पर के साड़ी को खींचकर मुझे अर्धनग्न कर दिया। यह दोनों मेरे साथ बार-बार मारपीट करता है इतना ही नहीं मेरे देवर को इसने तेज हथियार से हाथ भी काट दिया था। शोर होने पर अगल-बगल के ग्रामीण जब दौड़कर आए ,यह दोनों पिता पुत्र गालियां देते हुए भाग निकले। इसी क्रम में जब मेरा देवर दौड़ कर आया उसके साथ भी मारपीट किया गया और उससे कहा की एक बार हाथ कटे थे अब एक पर भी काट देंगे। आवेदन लेकर बरौनी थाना पुलिस ने थाना कांड संख्या-139/24 धारा-341, 320, 448, 307, 504, 506, 354,(@) के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान में जुट गई है।

### 12वीं के छात्रों का नामांकन , परीक्षा परिणाम में त्रुटि सुधार सहित विभिन्न शैक्षिक समस्याओं के सुधार हेतु एबीवीपी का धरना



चाणक्य भूमि। बेगुसराय

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का एक दिवसीय धरना आज जीडी कॉलेज में आयोजित हुआ I महाविद्यालय कैंटीन से प्रारंभ होकर विज्ञान भवन , कला संकाय के विभाग, मुख्य द्वार होते हुए एबीवीपी कार्यकर्ताओं एवं सामान्य छात्र-छात्राओं का जुलूस प्रशासनिक भवन के मुख्य द्वार पर पहुंचकर धरना में तब्दील हो गया I निकम्मा प्रशासन मुर्दाबाद छात्र-छात्राओं के समस्या के समाधान- तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी इत्यादि नारे से परिसर गूंजता रहा I छात्र-छात्राओं की सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का आंदोलन समस्याओं को समाधान में बदलने के लिए होता है I विगत दो दिनों में विद्यार्थी परिषद ने 8 मांग महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से प्रशासन से की है जिसमें से शत प्रतिशत मांगों पर कार्रवाई प्रारंभ हो गई I हम समस्याओं को हर संभव उचित समाधान की ओर ले जाते हैं इसी खूबसूरती के कारण छात्र-छात्राओं को विद्यार्थी परिषद से आशा रहती है जिसे हम पूरा भी करते हैं I बेगूसराय उत्तरी के जिला संयोजक राज दीपक गुप्ता एवं नगर मंत्री अजीत कुमार ने कहा कि आज सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए हैं जिसमें अधिकांश 12वीं के छात्र हैं I विद्यार्थी परिषद इन छात्र-छात्राओं के एक वर्ष बर्बाद होने नहीं देगी I हम कॉलेज से लेकर पटना तक इस मुद्दे पर आंदोलन किए हैं एवं आज इस समस्या का समाधान हुआ है I अब छात्र-छात्राओं का नामांकन 12वीं में उसी महाविद्यालय में करने के लिए पोर्टल पर डिग्री कॉलेज का भी नाम आएगा I यह विद्यार्थी परिषद के आंदोलनात्मक शक्ति का परिचायक है I कॉलेज इकाई अध्यक्ष प्रहलाद कुमार एवं नगर सह मंत्री अमन कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद महाविद्यालय में बने हुए साइकिल स्टैंड में एक गार्ड की नियुक्ति तथा उसे सुचारु करने का मांग की जिसे अविलंब पूरा कर दिया गया I इसके साथ ही महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए 6 स्थान पर पेयजल की व्यवस्था तथा समय से काउंटर खुलने एवं बंद होने के बात पर सहमति बनी I कॉलेज मंत्री आलोक कुमार एवं उपाध्यक्ष उज्जवल कुमार ने कहा कि महाविद्यालय के पुस्तकालय में 3 वर्षों से अर्ध निर्मित शौचालय है जिसे इसी सप्ताह पूरा किया जाएगा I इसके अतिरिक्त एनसीसी कार्यालय में आधारभूत संरचना हेतु सामग्री भी दी जाएगी I इस अवसर पर वार्ता हेतु आए प्राचार्य प्रोफेसर डॉ राम अवधेश कुमार बड़सर प्रोफेसर कमलेश कुमार एवं लेखपाल कल्यानेश अग्रवाल ने विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं से यह लिखित वादा किया कि अप्रैल के दूसरे सप्ताह तक यह सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे I इसके बाद विद्यार्थी परिषद का आंदोलन समाप्त हुआ I इस अवसर पर सोशल मीडिया प्रमुख मनीष कुमार एवं कृष्ण कुमार ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया I मौके पर मंगल माधव, राकेश कुमार ,राहुल कुमार, गौरव कुमार ,गुलशन कुमार , प्रिंस रोहित ,राजा , हर्ष , अभिषेक आशुतोष, अनीश सहित कई कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्र उपस्थित थे I

# चाय पिलाने के बहाने राजस्व कर्मचारी को बुलाया, फिर फिल्मी स्टाइल में करा दी शादी...



चाणक्य भूमि। बेगुसराय

बिहार में एक बार फिर पकड़ौआ विवाह का मामला सामने आया है। बेगूसराय में लड़की वालों ने पहले तो राजस्व कर्मचारी को चाय पीने के बहाने अपने घर बुलाया और बाद में अपनी लड़की को परीक्षा दिलाने के बहाने राजस्व कर्मचारी के पास भेज दिया और थाने में बेटी को अगवा करने का मामला दर्ज करा दिया। जैसे ही इस बात की जानकारी राजस्व कर्मचारी को हुई वह लड़की के साथ थाने पहुंचा, जहां उसकी मंदिर में शादी करा दी गई। दरअसल, छौड़ाही थाना क्षेत्र के पतला गांव निवासी श्याम नारायण महतो का बेटा रिंटू कुमार सीतामढ़ी के रुन्नीसैदपुर प्रखंड में राजस्व कर्मचारी के पद पर तैनात है। समस्तीपुर के रहने वाले जागेश्वर प्रसाद ने अपनी बेटी के विवाह का प्रस्ताव रिंटू के घर भेजा था लेकिन रिंटू ने फिलहाल शादी नहीं करने की बात कर रिश्ता वापस लौटा दिया। इसी बीच एक महिना पहले जब रिंटू छुट्टियों पर घर आया था तभी लड़की भी अपने रिश्तेदार के घर रिंटू के गाव पहुंची थी।लड़की के रिश्तेदारों ने राजस्व कर्मचारी रिंटू को चाय पर अपने घर बुलाया और वहां लड़की से उसकी मुलाकात कराई। इसके बाद रिंटू वापस सीतामढ़ी चला गया। इसी बीच लड़की के रिश्तेदार ने राजस्व कर्मचारी को फोन किया कि एक युवक का परीक्षा सीतामढ़ी में पड़ा है और उसके ठहरने की व्यवस्था करने को कहा गया। जिस पर राजस्व कर्मचारी मान गया और कहा कि कोई दिक्कत नहीं है भेज दीजिए, परीक्षा दिलवा देंगे। बीते बुधवार को लड़की राजस्व कर्मचारी रिंटू के कमरे पर पहुंच गई। इसके बाद लड़की के पिता ने थाने में आवेदन दिया कि राजस्व कर्मचारी रिंटू ने उसकी बेटी का अपहरण कर लिया है। जिसके बाद पुलिस ने राजस्व कर्मचारी के मोबाइल पर फोन किया और लड़की को लेकर थाने पहुंचने को कहा। राजस्व कर्मचारी लड़की को लेकर समस्तीपुर पहुंच, जहां स्टेशन पर मौजूद विभूतिपुर थाने की पुलिस ने दोनों को वहां से थाने ले गई। इसके बाद बाबा विभूतिपुर मंदिर में राजस्व कर्मचारी का पकड़ौआ विवाह करा दिया गया। राजस्व कर्मचारी के पिता का आरोप है कि उन लोगों को पुलिस ने सूचना तक नहीं दी। परिजनों ने सोची समझी साजिश के तहत उनके बेटे की शादी कराने का आरोप लगाया है। पूरे मामले में राजस्व कर्मचारी का बयान नहीं आया है हालांकि, लड़की वालों का कहना है कि लड़के के साथ शादी के लिए कोई जोर जबरदस्ती नहीं की गई है। शादी के बाद लड़की को लड़के के साथ भेज दिया गया है।

### आंगनबाड़ी सेविका की पुत्र ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर बढ़ाया सम्मान



चाणक्य भूमि। खोदावंदपुर/बेगूसराय

प्रतिभा किसी भी परिस्थिति की मोहताज नहीं होती, वह विपरित परिस्थितियों के बीच भी अपना रास्ता स्वयं ढूंढ लेती है. यह साबित कर दिखाया है बेगूसराय जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड खोदावन्दपुर क्षेत्र के फफौत पंचायत अंतर्गत चकवा गांव निवासी आंगनबाड़ी सेविका चंदा देवी के पुत्र आदित्य कुमार रंजन ने, उसने वर्ग छह के लिए आयोजित होने वाली नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2024 में सफल होकर गांव ही नहीं बल्कि पूरे प्रखंड क्षेत्र का सम्मान बढ़ाया है. पिता राजीव कुमार रंजन घर पर ही एक छोटी सी दुकान चलाते हैं. लिहाजा घर की माली हालत बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती. विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए मिली इस सफलता से आस-पास के सभी लोग काफी खुश हैं. आदित्य ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा एवं माता-पिता के साथ मार्गदर्शक डी बी पब्लिक स्कूल खोदावंदपुर के निदेशक जयशंकर कुमार को दिया है. वह बड़ा होकर आईएएस बनना चाहता है.

### टीवी मरीज को स्वरोजगार के लिये दी गयी सिलाई मशीन



चाणक्य भूमि। छौड़ाही बेगुसराय

टीवी मरीजों की विशेष देखभाल हेतु सरकारी व गैर सरकारी संस्थाएं उन्हें गोद लेकर पौष्टिक आहार व अन्य प्रकार का सहयोग कर रही है। इसी के मद्देनजर मंगलवार को एपीएचसी परिसर में चक्का वार्ड संख्या 1 निवासी टीवी मरीज ज्योति कुमारी को अहन संस्था के सहयोग से जीविकोपार्जन के लिए सिलाई मशीन उपलब्ध करायी गयी। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार, अहन संस्था के राजकुमार, शिवम कुमार, फार्मासिस्ट मुकेश कुमार सिन्हा, एलटी सुधीर ठाकुर, एसटीएस परमहंस कुमार ने मरीज को सिलाई मशीन भेंट की।

### छौड़ाही हाट बंद होने से आदेश से जनप्रतिनिधि व प्रबुद्ध लोग हुये नाराज, हाट पर निर्भर व्यापारी तथा आमलोगों की बढ़ेगी परेशानी



चाणक्य भूमि। छौड़ाही बेगुसराय

राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय छौड़ाही मटिहानी के खेल मैदान में गुरुवार व रविवार को लगने वाले हाट की बंदी से स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रबुद्ध लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। गौरतलब है कि एसडीएम मंझौल के निर्देश का हवाला देते हुये सीओ ने सोमवार को अगले आदेश तक हाट के बंद रखने की आम सूचना जारी की थी। इस प्रकरण में विद्यालय के खेल मैदान में हाट लगाने की बात सामने आयी है। जिसकी शिकायत पूर्व में एक स्थानीय ग्रामीण ने जिला स्तर के अधिकारी से लेकर सीएम के जनता तक की थी। इधर प्रखंड प्रमुख सतीश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि संजय पासवान, जदयू नेता रामनरेश आजाद, रामबहादुर सुमन, अनिल कुमार, अहमद मंसूरी आदि लोगों ने विरोध जताते हुये कहा कि इलाके के करीब पांच पंचायतों के व्यापारी व आमलोग हाट पर निर्भर हैं। तकरीबन दो दशक से व्यापारी अपनी रोजी रोटी तो आमलोग हाट से साग, सब्जी, फल आदि सामग्री की खरीदारी कर जीवन बसर करते आ रहे हैं। खासकर हाट के बंद होने पर रमजान के पाक महीने में रोजेदारों को भी परेशानी उठानी पड़ेगी। जिसको देखते हुये सबों ने एकसुर में जनहित के लिये हाट बंदी के आदेश को निरस्त करने की मांग अधिकारियों से की। उधर विरोधाभास की सूचना पर सोमवार की संध्या मंझौल एसडीएम प्रमोद कुमार व सीओ स्वयं विद्यालय परिसर पहुंचे और विद्यालय प्रबंधन व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के जनहित की बाते सुनकर विद्यालय प्रबंधन व स्थानीय लोगों को अपना पक्ष रखने के लिये अनुमंडल कार्यालय बुलाया। इस संदर्भ में सीओ चन्द्रप्रकाश पांडेय ने बताया कि अनुमंडल कार्यालय कुछ लोग गये हैं। वहां से अभी तक किसी प्रकार की सूचना नहीं मिली है। सूचना अथवा किसी का प्रकार का आदेश मिलने के पश्चात ही इसकी जानकारी दिया जा सकता है।

# पुलिस के साथ मारपीट के मामले में सात नामजद सहित कई पर प्राथमिकी दर्ज

**सोमवार को पंचायती के दौरान पुलिस से हुई झड़प मामले में सात महिला पुरुष को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है**

चाणक्य भूमि बेतिया

सोमवार को श्रीनगर में दो पक्षों में पंचायती के दौरान पुलिस से झड़प हो गई जिसमे एक पुलिसकर्मी घायल हो गये पुलिस ने इस मामले में त्वरित कारवाई करते हुये दो महिला समेत सात आरोपितों को जेल भेज दिया है साथ ही इस मामले में करीब 50 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसी प्राथमिकी के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो महिला समेत सात आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार लोगों में सुनैना देवी , शोभा देवी(सोनी), पन्नालाल साह,राजकुमार साह,अजय साह और विनोद साह है। वहीं थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि अन्य आरोपियो को गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार श्रीनगर थाना क्षेत्र के



पूजहां गांव के मोतीलाल साह के पारिवारिक विवाद में पंचायती के दौरान सोमवार को पुलिस से झड़प हो गई।प्रशिक्षु दारोगा अंकित कुमार को हल्की चोट लगी थी।श्रीनगर थाना में पदस्थापित प्रशिक्षु दारोगा अंकित कुमार पुलिस बल के साथ पंचायती में वाद-विवाद बढ़ने की सूचना पर पहुँचे। दरोगा अंकित कुमार जब लोगों को समझाने लगे तो महिलाएं व अन्य उनसे उलझ गए। प्रशिक्षु दारोगा अंकित कुमार चोटिल हो गए। इसके बाद थाने से अतिरिक्त पुलिस पहुंची और दो महिला समेत आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया। जख्मी दारोगा का बैरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया गया है।

# डोजर की चपेट में आने से साईकल चालक की मौत



**• पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंपा**

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया**।अहवर शेख तुरहापट्टी स्थित पासवान चौक पर डोजर की चपेट में आने से जवकटिया नईडीह निवासी सुरेश साह (47) वर्ष बुरी तरह घायल हो गये।जिन्हें राहगीरों ने स्थानीय क्लीनिक में भर्ती किया।यहां चिकिस्को ने प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसीएच बेतिया भेजा।यहां ईलाज के दौरान सोमबार की देर रात सुरेश साह ने दम तोड़ दिया।घटना के बाद मझौलिया पुलिस ने घटनास्थल से डोजर को कब्जे में लेकर थाने लायी,तथा क्षतिग्रस्त साईकल को जब्त किया।हालांकि घटना के बाद डोजर चालक फरार होने में सफल रहा।इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।आवेदन मिलने पर एफआईआर दर्ज होगी।बताया गया है सुरेश साह अपने घर जवकटिया नई डीह से पासवान चौक पर खरीददारी करने आये थे।मार्केटिंग कर सायकिल से वापस लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार कंटेनर की चपेट में तुरहापट्टी माई स्थान के पास आ गये।वही लहूलुहान होकर गिर गये।भीड़ जुट गई।अंधेरे का लाभ उठाकर डोजर चालक फरार हो गया।

# अगलगी में तीन घर जलकर नष्ट



**• मझौलिया के लिए धोकरहा की घटना**

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया**।धोकराहा के वार्ड नम्बर 3 में अचानक लगी आग से पुनदेव पटेल और रमेश राउत का झोपड़ी नुमा घर जलकर नष्ट हो गया।इस अगलगी में लाखों रुपये मूल्य की घरेलू सामग्री जलकर नष्ट हो गया।अगलगी पीड़ित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।पंचायत के मुखिया आशीष भट्ठ ने इस वावत सीओ राजीव रंजन को सूचित किया है।आग कैसे लगी इसका पता नही चल पाया है।उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया है।बताते चले कि इन दिनों पछिया हवा के तेज होने से अगलगी की घटनाओं में इजाफा हुआ है।

# बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री करेंगे संवाद संजय जायसवाल

चाणक्य भूमि बेतिया

पश्चिमी चंपारण लोकसभा क्षेत्र के निवर्तमान सांसद ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया कि देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम 6 बजे बूथ स्तरीय सीधा संवाद कार्यक्रम कार्यकर्ताओ के साथ करेंगे। उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के इस संवाद कार्यक्रम में बूथ स्तर के सभी अध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ताओ से उनकी सीधी बातचीत होगी। उन्होंने बताया कि पश्चिमी चंपारण लोकसभा क्षेत्र में बूथों के कार्यकर्ताओं पर टू वे कम्युनिकेशन से यह चर्चा होगी उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जहां प्रधानमंत्री अपने प्रत्येक बूथ के कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद करते हैं उनसे देश की सभी स्थितियां



एवं परिस्थितियों के साथ देश के विकास एवं समस्याओं पर चर्चा करते हैं। अपने लोकसभा क्षेत्र के निवर्तमान सांसद के तौर पर मैं उनका धन्यवाद करता हूं आज पूरे बिहार के लिए एक विशेष दिवस है जिस दिन वह अपने बिहार के सभी बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद करेंगे। उक्त प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेंद्र सर्राफ, जिला उपाध्यक्ष रवि सिंह,विजय चौधरी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कौड़ी वसूली में धांधली पर मीना बाजार में वसूली की बंदोबस्ती रद्द

चाणक्य भूमि बेतिया

**• संवेदक द्वारा अपने आवंटित क्षेत्र का अतिक्रमण और आदेश की अनदेखी को लेकर नगर निगम की महापौर ने दुकानदारों की शिकायत पर की कार्रवाई**

**• मीना बाजार के नाम पर जीएमसीएच रोड के साथ छोटा रमना मार्केट, अवंतिका चौक से लेकर शीतला माई बाजार तक में संवेदक ने शुरू कर दी गई थी अवैध वसूली**

मीना बाजार 1 के लिए कौड़ी वसूली के लिए बंदोबस्ती की आड़ में स्मीपवर्ती अन्य क्षेत्र में वसूली पर नगर निगम की महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने धांधली व प्रशासनिक आदेशों के उलंघन पर मीना बाजार में वसूली की बंदोबस्ती रद्द करने का आदेश नगर आयुक्त शंभू कुमार को दिया है। मंगलवार को जारी अपने संबंधित पत्र में महापौर श्रीमती सिकारिया ने नगर आयुक्त को लिखा है कि आप अवगत हैं कि मात्र मीना बाजार मौजा क्षेत्र में वित्तीय वर्ष संवेदक 2024- 25 के लिए केवल अस्थाई दुकानदारों और ठेला खोमचा वालों से प्रति दुकानदार दस रुपए मात्र के दर से राशि वसूलने के लिए की गई है। परंतु, मात्र एक ही सैरात की बंदोबस्ती लेने की आड़ में संवेदक द्वारा छोटा रमना मार्केट, आलोक भारती पुल से ख़ादिम चौक होते हुए सोवा बाबू चौक तक, शीतला माई स्थान और अवंतिका चौक से खुदाबक्स चौक तक भाया सोवा बाबू चौक एवं होटल स्वराज एवं जीएमसीएच रोड के सभी दुकानदारों से संवेदक द्वारा बल पूर्वक कौड़ी या पैसे की उगाही की जा रही है। श्रीमती सिकारिया ने यह भी लिखा है कि आप यह भी अवगत है कि आवंटित क्षेत्र से बाहर किसी भी प्रकार की वसूली दंडनीय अपराध है। इसके साथ उन्होंने यह भी स्मारित किया है कि आवंटित क्षेत्र के दस मुख्य स्थानों पर निर्धारित कौड़ी दर का बोर्ड लगाने के बाद ही वसूली करने और कौड़ी दर 10 रुपया प्रिंटेड हुआ रसीद नगर निगम से सत्यापित कराने के बाद ही रसीद को वसूली के लिए जारी करने जैसे अनिवार्य निर्देशों का उलंघन संवेदक के द्वारा किया जा रहा है। अतः स्थिति की गंभीरता और गरीब दुकानदारों के शोषण को लेकर आदेश है कि बंदोबस्ती पाने के लिए संवेदक द्वारा जमा की गई राशि को वापस करते हुए तत्काल प्रभाव से मीना बाजार मौजा क्षेत्र की कौड़ी वसूली बंदोबस्ती को रद्द करने की कार्वाई अचूक रूप से की जाय। महापौर ने कड़ा रुख अपनाते हुए यह भी स्पष्ट किया है कि इस आदेश का अनुपालन तत्काल सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि निर्देशित कार्वाई में विलंब के कारण किसी भी असहज स्थिति के साथ गरीब दुकानदारों अवैध शोषण और उगाही जारी रहने की स्थिति या किसी भी प्रकार के विवाद के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।इस पत्र के साथ जीएमसीएच रोड के दुकानदार के लिए जारी रसीद संलग्न करते हुए इस पत्र की प्रति जिलाधिकारी के साथ विभागीय प्रधान सचिव को भी प्रेषित किया है।

# सिकटा में शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार भेजा गया जेल



चाण्क्य भूमि(अमित श्रीवास्तव )

**सिकटा**।सिकटा थाने की पुलिस ने मंगलवार की सुबह बरदही मठ के पास ओरिया नदी के बांध के रास्ते नेपाली शराब के साथ एक युवक को धर दबोचा। गिरफ्तार युवक मनोज कुमार उर्फ भोला उम्र 22 वर्ष पिता सिपाही महतो मुफस्सिल थाना के महनागनी गांव निवासी बताया जा रहा है थानाध्यक्ष राज रौशन ने बताया कि पकड़े गए धंधेबाज एक बाइक पर सवार होकर नेपाल से शराब लेकर आ रहे थे। इसी बीच सुबह गश्ती में निकली पुलिस दल के पु०अ०नि०अमरजीत कुमार पाठक से सामना हो गई। पुलिस ने रोककर तलाशी लिया। जिसमें बोरा व बाइक की डिक्की में रखे 105 पीस (31.5 लीटर) नेपाली शराब बरामद किया गया। जब्त सभी शराब नेपाल में बने प्रति तीन सौ एमएल के पैक बोतल में थे। पुलिस इनकी बाइक भी जब्त कर ली है। इस मामले में पुलिस ने बिहार मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पकड़े गये धंधेबाज को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

# खेलो इंडिया के तहत अमवा मझार में स्कूली छात्र छात्राओं को मिला किट



**• ट्रेनर ममता ने केंद्र सरकार की खेलो इंडिया की महत्ता पर डाला प्रकाश**

चाण्क्य भूमि(जापान साह)

**नानोसती**।मझौलिया प्रखण्ड के अमवा मझार स्थित रामदयाल सिंह प्लस टू हाई स्कूल में मंगलवार को खेलो इंडिया केंद्र के तहत छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। केंद्र की संचालक सिवान से आयी प्रशिक्षक ममता कुमारी ने कहा कि खेल के क्षेत्र में छात्र छात्राये अपना कैरियर बना सकती है।उन्होंने भारत सरकार द्वारा संचालित खेलो इंडिया अभियान पर विस्तृत रूप से चर्चा की।मौके पर लड़के लड़कियों का मनोबल बढ़ाने के लिये किट का वितरण किया गया।खेलो इंडिया अभियान में बिहार सरकार के योगदान की चर्चा की गई।खेलो इंडिया समारोह को सम्पन्न कराने में प्लस टू के प्राचार्य ललित कुमार तथा सरफराज सर का उल्लेखनिय योगदान रहा।खेलो इंडिया काकिट पाकर छात्र छात्राएं काफी खुश दिखे।रुचि के मुताबिक युवक युवतियों ने अपने अपने खेल का प्रदर्शन किया।तथा पढाई के साथ साथएथलेटिक्स में भागीदारी का संकल्प लिया।

# पारिवारिक कलह में 60 वर्षीय वृद्ध ने खाया कीटनाशक दवा स्थिति चिंताजनक




चाणक्य भूमि बेतिया

मुफ्फसिल क्षेत्र के 60 वर्षीय वृद्ध ने पारिवारिक कलह को लेकर कीटनाशक दवा खा ली है जिसके बाद वृद्ध व्यक्ति की गंभीर स्थिति को देखते हुये परिजनों ने आनन-फानन में बेतिया जीएमसीएच में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार जारी है, चिकित्सकों ने स्थिति चिंताजनक बताई है । संबंधित मामले को टी ओ पी प्रभारी द्वारा मुफ्फसिल थाना को सूचित कर दिया गया है वही पूरे मामले की जानकारी में मुफ्फसिल थाना जुट गई है। वृद्ध व्यक्ति की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बरवत निवासी अदालत प्रसाद के 60 वर्षीय पुत्र रामाश्रय प्रसाद के रूप में हुई है।


































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714